# उज्जैन-मक्सीरोड फोरलेन के साथ ब्रिज भी ले रहा आकार

## सिंहस्थ के पहले बेहतर आवागमन का सपना होगा साकार, दिल्ली-मुंबई हाईवे से सीधे जुड़ेगा उज्जैन, सीएम के विजन व नवभारत के समाचार को भी सराहा






**उज्जैन। मंगलवार को मक्सी रोड के रहवासियों ने एकत्रित होकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से लेकर नवभारत समाचार पत्र का आभार जताया। सीएम डॉ .यादव के लिए पत्र लहरा कर बताया गया कि बगैर किसी ज्यादा तोड़फोड़ के मक्सी रोड पर नया टू लेंन ब्रिज बनाया जा रहा है। जो पुराने के साथ मिलकर फोरलेन बन जाएगा। साथ ही सेतु विकास निगम द्वारा किए जा रहे हैं निर्माण कार्य की वस्तु स्थिति से आमजन को अवगत कराया जाने पर समाचार पत्र को भी सराहा गया।**

प्रदेश सरकार द्वारा उज्जैन और मक्सी के बीच कनेक्टिविटी सुधारने के लिए बनाया जा रहा फोरलेन रोड सिंहस्थ के लिए भी मिल का पत्थर साबित होगा। जिसका लक्ष्य वर्ष 2028 के लिए ट्रैफिक को सुगम बनाना है। मंगलवार को नवभारत द्वारा प्रमुखता से इस संबंध में समाचार प्रकाशित किया गया था जिसको लेकर रहवासियों ने भी आभार जताया है। उज्जैन मक्सी मार्ग लगभग 39 किलोमीटर लंबा रहेगा, जिसकी 273 करोड़ की लागत है, विकास के मद्देनजर यह सबसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। जिसे मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है और काम भी शुरू हो चुका है। जिसका लक्ष्य अक्टूबर 2027-2028 तक पूरा करना है। जिससे दिल्ली-मुंबई जैसे बड़े राजमार्गों पर यातायात का दबाव कम होगा और उज्जैन की पहुंच बढ़ेगी।

नवभारत ने मंगलवार को प्रमुखता से समाचार प्रकाशित कर मक्सी रोड फोरलेन और नए टू लाइन ब्रिज के साथ ही पूरी प्रक्रिया से अवगत कराया था। जिसमें हेतु विकास निगम की तैयारी से लेकर मुआवजे तक के विषयों का समावेश किया गया था। ऐसे में मक्सी रोड रहवासियों ने नवभारत का आभार भी जताया।

भोपाल से मक्सी रोड ब्रिज की डीपीआर भी स्वीकृत हो चुकी है। मौके पर काम चालू हो चुका है। ऐसे में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृह नगर में जो एक और सौगात 4 लाइन ब्रिज और सड़क की मिल रही है। इसको लेकर वस्तु स्थिति से आमजन को समाचार पत्र द्वारा अवगत कराया था। पुराना टू लेंन है और नया टू लाइन मिलाकर अब मक्सी रोड ब्रिज फोरलेन हो जाएगा।

### स्ट्रक्चर कंपनी को मिला ठेका-सिंहस्थ के लिए सड़कों का जाल

एमपीआरडीसी से यह ठेका स्ट्रक्चर कंपनी को दिया गया है यदि संपूर्ण मार्ग पर एक नजर डालें तो मार्ग की लंबाई लगभग 38 .95 किलोमीटर, लागत लगभग 273 .45 करोड़ रुपये है। कार्य एजेंसी मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन है। उज्जैन को आगरा-मुंबई हाईवे से जोड़ना इसका लक्ष्य है और सिंहस्थ 2028 के लिए व्यवस्था करना सरकार की प्राथमिकता है। 14 मीटर चौड़ी सड़क, 2 .5 मीटर का डिवाइडर, 7-7 मीटर के कैरेज वे, 55 छोटी पुलिया और 9 बड़े पुल, आरओबी इस मार्ग पर रहेंगे।मौके पर काम शुरू हो चुका है, जिसमें समतलीकरण और पेड़ों की कटाई-छंटाई शामिल है। मध्यप्रदेश सरकार सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखकर उज्जैन के सभी प्रमुख मार्गों को चौड़ा करने में जुटी है। आगर रोड, देवास रोड, गरोठ एवं बड़नगर-बदनावर मार्ग का निर्माण पूरा हो चुका है। इंदौर रोड को सिक्सलेन बनाने का काम तेजी से जारी है। इसी क्रम में अगली परियोजनाओं में 44 किलोमीटर लंबा उन्हेल-नागदा-जावरा रोड, 19 .81 किलोमीटर लंबा सिंहस्थ बायपास, 98 .41 किलोमीटर लंबा उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल हाइवे और 65 किलोमीटर लंबा नया इंदौर रोड फोरलेन शामिल है। उज्जैन में भी चारों तरफ टू लाइन फोर लाइन सिक्स लाइन बनाई जा रहे हैं।

### इनका कहना है

मध्य प्रदेश सरकार यूं तो बड़े पैमाने पर सिंहस्थ 2028 के निर्माण कार्य तीव्र गति से कर रही है। बावजूद इसके मक्सी रोड की जिस प्रकार से सुध ली गई है। उसके लिए हम मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार जताते हैं। बगैर ज्यादा किस तोड़फोड़ के और सुविधाजनक तौर पर जो सौग़ात दी जा रही है। उसमें मक्सी रोड के ब्रिज को भी फोरलेन बनाया जा रहा है। इसके लिए मुख्यमंत्री को साधुवाद है। साथ ही नवभारत समाचार पत्र द्वारा जनहित का समाचार प्रकाशित किया गया उसके लिए हृदय से आभार है।

**अजय शंकर जोशी, एडवोकेट एवं रहवासी, मक्सी रोड उज्जैन**

## प्रभारी नगर निगम आयुक्त ने ली बैठक

**उज्जैन।** व्यापार मेला 2026 जो कि फरवरी माह में प्रस्तावित है मेले से संबंधित नगर निगम की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को प्रभारी निगम आयुक्त संतोष टैगोर द्वारा निगम अधिकारियों के साथ व्यापार मेला आयोजन को लेकर बैठक की गई। प्रभारी निगम आयुक्त द्वारा अधिकारियों से व्यापार मेले आयोजन को लेकर चर्चा की गई। जिसमें वर्तमान में टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है फरवरी माह में प्रस्तावित एक माह तक आयोजित मेले में नगर निगम द्वारा व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाती है। इसके लिए मेले का लेआउट डालने का कार्य, शौचालय की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, साफ सफाई, सिविल वर्क इत्यादि जो भी व्यवस्थाएं हैं वह मेले की तारीख निश्चित होने के पश्चात समय पूर्व सुनिश्चित करें। बैठक में अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, श्री संदीप शिवा, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, मनोज मौर्य, संजेश गुप्ता, अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता, कार्यपालन यंत्री वैभव भावसार, पलाश शर्मा, सहायक यंत्री साहिल मैदावाला, शिवम दुबे, निर्झर शुक्ला एवं उपयंत्री उपस्थित रहे।

## पुलिस देखकर भागा बदमाश ब्रिज की सीढ़ियों से गिरकर घायल

### शास्त्रीनगर में युवक को मारे थे चाकू, 10 से ज्यादा दर्ज हैं अपराध

**उज्जैन। शास्त्रीनगर में युवक के सीने में चाकू घोंपकर हत्या का प्रयास करने वाला बदमाश सोमवार को पुलिस देख भागने का प्रयास कर रहा था। मोहनपुरा ब्रिज की सीढ़ियों से गिरने पर उसका पैर टूट गया। बदमाश को अभिरक्षा में उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती कराया।**




26 दिसंबर की शाम शांतिनगर में रहने वाला धर्मेन्द्र उर्फ बांका पिता बंशीलाल बाथम 18 साल दोस्त भोला के साथ शास्त्रीनगर ग्राउंड के पास नाश्ता करने गया था। उसी दौरान बाइक से आये बदमाश रोहित पिता रामप्रसाद बंजारा निवासी सुदर्शननगर ने अपने साथी के साथ बाइक से आकर धर्मेन्द्र के सीने में चाकू घोंप दिया था। घटनाक्रम सामने आने के बाद नीलगंगा थाना पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। रोहित बंजारा लगातार फरार चल रहा था। सोमवार को खबर मिली कि बदमाश रोहित बड़नगर मार्ग मोहनपुरा की ओर दिखाई दिया है। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने फरार चाकूबाज बदमाश की तलाश में टीम को रवाना किया। रोहित बंजारा ने पुलिस को देखा तो मोहनपुरा ब्रिज पर दौड़ लगा दी। उसने ब्रिज के साइड में बनी सीढ़ियों से उतरकर भागने का प्रयास किया, लेकिन गिरकर घायल हो गया। पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया, उसके पैर में चोंट लगी थी। बदमाश को चरक अस्पताल लाया गया। जहां पैर में फैक्चर होना सामने आया। डॉक्टरों ने उसे लिये भर्ती किया है। पुलिस अभिरक्षा में उपचार करा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि रोहित बंजारा अपराधिक प्रवृति का है। सालभर में उसके खिलाफ चाकूबाजी के 10 मामले दर्ज हो चुके है। शास्त्रीनगर में हुई चाकूबाजी के दौरान प्राणघातक हमले का प्रकरण दर्ज किया था। उसके एक साथी को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। रोहित बंजारा के अस्पताल से डिस्चार्ज होने पर उसे न्यायालय में पेश कर किया जायेगा।

### पुलिसकर्मी के साथ 4 अज्ञात बदमाशों ने की मारपीट

उज्जैन। बाइक से जावरा जा रहे पुलिस कर्मी के साथ रास्ते में चार अज्ञात लोगों ने रास्ता रोक मारपीट कर दी। घायल पुलिस कर्मी को उपचार के लिए रात में चरक अस्पताल लाया गया।बताया जा रहा है कि पुलिस लाइन में पदस्थ पुलिस कर्मी बबलू पिता रामानंद रायपुरिया बाइक से जावरा जा रहा था। महिदपुर रोड के रास्ते से गुजरते समय उसे अज्ञात चार लोगों ने रोका और गाली गलौज करते हुए डंडे और पाइप से मारपीट करने लगे। पुलिस कर्मी सादी वर्दी में था। चारों लोग मारपीट करने के बाद मौके से भाग निकले। घायल पुलिस कर्मी की जानकारी महिदपुर रोड थाना पुलिस को लगी तो मौके पर पहुंची। घायल बबलू को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक केंद्र पहुंचाया गया जहां से उज्जैन चरक अस्पताल भेजा गया। जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस कर्मी से मारपीट का एक मामला महिदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम महू में हुआ। रविवार सोमवार डायल 112 पर इवेंट मिलने पर आरक्षक राजेश चौडिया और पायलेट मौके पर पहुंचे थे। जहां लोगों की भीड़ को हटाने के दौरान आरक्षक के साथ रमेश, भंवर, जीवन और एक महिला ने एकमत होकर आरक्षक पर पथराव कर दिया। चोंट लगने पर आरक्षक घायल हो गया। महिदपुर थाना पुलिस ने आरक्षक की शिकायत पर शासकीय कार्य में बाधा डालने का प्रकरण दर्ज किया है।

## गांजा तस्कर को 4 साल का कारावास

**उज्जैन।** गांजा तस्करी में 5 साल पहले गिरफ्तार किए गए तस्कर को न्यायालय ने 4 साल की सजा सुनाई है। फैसला आते ही पुलिस ने तस्कर को कस्टडी में लिया और मेडिकल परीक्षण करने के बाद केंद्रीय जेल भेज दिया। चिमनगंज थाना पुलिस ने अक्टूबर 2020 में प्रेम नगर ब्रिज के पास से लाल रंग की टी-शर्ट पहने हाथ में प्लास्टिक की बोरी लेकर खड़े व्यक्ति को पकड़ा था जिसके पास से 15 किलो गांजा बरामद हुआ था। पूछताछ करने पर गांजा तस्कर का नाम जितेंद्र पिता श्याम बुंदेला निवासी शिव शक्ति नगर सामने आया था। मामले में एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया था। 5 साल चली सुनवाई के बाद मंगलवार को पवन कुमार पटेल, विशेष न्यायाधीश महोदय एनडीपीएस एक्ट जिला उज्जैन द्वारा आरोपी जीतु उर्फ जितेन्द्र पिता श्यामसिंह बुंदेला 48 वर्ष, निवासी शिव शक्ति नगर जिला उज्जैन को धारा 8(सी)/20(इ)(पप)(ठ) एनडीपीएस एक्ट 1985 में 04 वर्ष सश्रम कारावास, एवं एक हजार रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में अनुसंधान के दौरान प्रभारी उप निदेशक अभियोजन राजेन्द्र कुमार खाण्डेगर के द्वारा जब्तीकर्ता अधिकारी रवीन्द्र कटारे उप-निरीक्षक को अनुसंधान में विधिक परामर्श एवं साक्ष्य संकलन हेतु मागदर्शन प्रदान किया। पैरवी नितेश कृष्णन, विशेष लोक अभियोजक के तर्कों से सहमत होकर आरोपी को माननीय न्यायालय द्वारा दंडित किया गया।

## एक नजर में



### ग्रामोदय से अभ्युदय मप्र पर कार्यशाला

**उज्जैन।** 13 जनवरी को सिंहस्थ मेला कार्यालय स्मासर्ट सीटी सभागार, उज्जैन पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद (योजना आर्थिक एवं सांख्यिकीय विभाग, मध्यप्रदेश शासन) द्वारा जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला ग्रामोदय से अभ्युधदय मध्य प्रदेश अभियान एवं स्वामी विवेकानंद जन्मत जयंती पखवाड़ा अंतर्गत शासन के विकास और सेवा के दो वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उज्जैन नगर पालिका निगम की सभापति कलावती यादव, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद शासी निकाय की सदस्य अजीता परमार ने की। विशेष अतिथि आर्थिक सांख्यिकी विभाग के पीएस मालवीय एवं संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय विभाग के सतीश सोलंकी थे। उन्मुखीकरण कार्यशाला के समापन सत्र में मुख्य अतिथि जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कुमट रहे। परिचय मोहन सिंह परमार ने करवाया एवं कार्यक्रम की विस्तृंत रूपरेखा एवं उद्देश्य जिला समन्वयक जय दीक्षित द्वारा प्रस्तुत की ।कार्यक्रम के अंतर्गत 12 जनवरी से 26 जनवरी 2026 तक चलने वाले ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश शीर्षक से ग्राम विकास पखवाड़ा आयोजित होंगे। कार्यक्रम के अंत में विविध क्षेत्र में कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं डॉ. राजेश रावल, घनश्याम पंडया, सुमेरसिंह पंवार, देवनारायण वर्मा, योगेन्द्र कौशिक, किशोर पांचाल को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विकासखंड समन्वेयक रेणुका श्रोत्रिय, संदीप मालवीय, इंद्रेश पंवार, नम्रता तिवारी, अरुण व्यास, मोहनसिंह परिहार, विवेकानंद केन्द्रे से कोमल दीदी, नवांकुर संस्थाएं, परामर्शदाता, स्ववयंसेवी संस्थाएं, सामाजिक कार्यकर्ता मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्वव क्षमता विकास कार्यक्रम की छात्र, छात्राएं, नगर एवं ग्राम विकास समितियां के सदस्य उपस्थित रहे। संचालन परामर्शदाता रचना शर्मा ने किया एवं आभार विकासखंड समन्वयक अरुण व्यास ने माना।

### ब्राह्मण करेंगे मां शिप्राजी का दूध से अभिषेक

**उज्जैन।** श्री अवंतिका महाकाल युवा तीर्थ पुरोहित समिति रामघाट अध्यक्ष अजय जोशी कुंड वाला गुरु और सदस्य की ओर से मकर संक्रांति महापर्व 15 जनवरी को सुबह 11 बजे 151 ब्राहमण द्वारा मां शिप्रा जी का दूध अभिषेक कर आने वाले तीर्थ यात्रियों की मनोकामना पूर्ण हो, विश्व का कल्याण हो, सनातन धर्म की जय हो की भावना से मां शिप्रा से प्रार्थना की जाएगी। शिप्रा नदी तिल भर बड़ी होने से सभी नदियों में शिप्रा जी का विशेष महत्व है। शिप्रा नदी उत्तर वाहिनी नदी है। स्वयं भगवान श्री रामचंद्र जी ने मां शिप्रा जी का अभिषेक पूजन किया था। यहां 12 साल में महाकुंभ लगता है। जो भी व्यक्ति मां शिप्रा में स्नान करता है उसके सारे कष्ट निवारण होते हैं और मनोकामना पूर्ण होती हैं। यहां व्यक्ति आकर कालसर्प दोष, पितृ दोष, ग्रह शांति, पिंडदान, अभिषेक पूजन, मां शिप्रा से आशीर्वाद लेता है और अपनी मनोकामना मां से प्रार्थना करता है। सभी की मनोकामना पूर्ण होती है। 15 जनवरी को अभिषेक में विशेष अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद जी महाराज अर्जी वाले हनुमान, पीठाधीश स्वामी कमलेश गिरी जी, स्वामी कृष्ण गिरी, विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, प्रथम नागरिक मुकेश टटवाल महापौर, नगर निगम सभापति कलावती यादव, नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, नगर महामंत्री जगदीश पांचाल, नगर उपाध्यक्ष सोनम जोशी, तीर्थ पुरोहित संजय जोशी कुंड वाला, गुरु रितेश त्रिवेदी, मनीष डिब्बा वाला, अखिलेश चौबे हाथी वाला, राकेश जोशी कुंड वाला, जगदीश गुरु, राजेश शर्मा मोर वाला गुरु, अनिल जोशी, राहुल जोशी, अमित त्रिवेदी, शुभम उपाध्याय, जगदीश उपाध्याय, आचार्य वीरेंद्र त्रिवेदी और समस्त तीर्थ पुरोहित पुजारी परिवार द्वारा खिचड़ी और लड्डू का वितरण किया जाएगा।

### मलखंभ में कांस्य पदक जीता



**उज्जैन।** हाल ही में सम्पन्न हुई खेलों इंडिया बीच गेम्स-26 (घोघला बीच) दीव पर आयोजित राष्ट्रीय मलखंभ प्रतियोगिता में गुरु अखाड़े के उभरते मलखंभ खिलाड़ी राज तवंर ने मध्यप्रदेश मलखंभ दल का प्रतिनिधित्व करते हुए कांस्य पदक अर्जित किया। उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, अच्युतानंद गुरु अखाड़ा व्यायामशाला न्यास उज्जैन के अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री पारसचंद जैन द्वारा राज तवंर को पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। गुरु अखाड़े के कोषाध्यक्ष पुरूषोत्तम टेलर, कैलाश चौधरी, लीलाधर कहार, गोकुल माली, मयंक कहार, अरुण पंवार आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### कांग्रेस नेता की माता का निधन




**नजरपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता एवं जिला कांग्रेस कमेटी उज्जैन के पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत घट्टिया के पूर्व अध्यक्ष रामेश्वर पटेल रामगढ़ व कृषि उपज मंडी उज्जैन के पूर्व डायरेक्टर विजय सिंह पटेल की माताजी के निधन के समाचार प्राप्त होने पर अखिल भारतीय युवा कांग्रेस के पूर्व महासचिव हेमंत सिंह चौहान, युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष धीरज सिंह पवार, मदन लाल गुजराती, बहादुर सिंह देपन आदि वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने उनके निवास रामगढ़ में जाकर स्व. जानी बाई के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर परमपिता परमेश्वर से उनकी आत्मा को शांति प्रदान की करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और आंजना समाज के पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## महापौर मुकेश टटवाल की अध्यक्षता में हुई मेयर इन काउंसिल की बैठक

**उज्जैन।** मंगलवार को मेयर इन काउंसिल की बैठक महापौर मुकेश टटवाल की अध्यक्षता एवं प्रभारी निगम आयुक्त संतोष टैगोर, एमआईसी सदस्य शिवेन्द्र तिवारी, सत्यनारायण चौहान, प्रकाश शर्मा, रजत मेहता, कैलाश प्रजापत, अनिल गुप्ता, डॉ. योगेश्वरी राठौर, दुर्गाशक्ति सिंह चौधरी, सुगन बाबूलाल बाघेला की उपस्थिति में आयोजित हुई।

बैठक में कार्यसूची के प्रथम प्रकरण मेयर इन काउंसिल सम्मिलन दिनांक 02.12.2025 के कार्यवृत्त की पृष्टि की गई जिसके उपरांत कार्य बिन्दुवार चर्चा की गई।

जिसमें उज्जैन सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड द्वारा पीएम ई - बस योजना अंतर्गत शहर में ई बसों के संचालन हेतु डिपो निर्माण की दर स्वीकृति, मुख्यमंत्री अधोसंरचना चतुर्थ चरण अंतर्गत सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य अंतर्गत स्थल परिवर्तन किए जाने की अनुशंसा, मुख्यमंत्री अधोसंरचना चतुर्थ चरण अंतर्गत डामरीकरण सड़क कार्य अंतर्गत स्थल परिवर्तन किए जाने के संबंध में अनुशंसा, हरसिद्धि पाल से रामघाट तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य के संबंध में दर स्वीकृति, नीलकंठ द्वारा से महाकाल चौराहा तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य के संबंध में अनुशंसा, नगर पालिक निगम उज्जैन क्षेत्र अंतर्गत संस्था मैसर्स सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस भोपाल द्वारा सीएसआर गतिविधि के माध्यम से पांच अत्याधुनिक सार्वजनिक शौचालय कॉम्प्लेक्स का निर्माण करने हेतु स्वीकृति, गाड़ी अड्डा चौराहा से ढांचा भवन होते हुए रंकेश्वर महादेव मंदिर तक एमआर 4 मार्ग चौड़ीकरण कार्य के संबंध में अनुशंसा, मकोड़िया आम चौराहे से विराटनगर होते हुए कानीपुरा तराना मार्ग तक सड़क निर्माण कार्य एवं 30 मीटर मार्ग चौड़ीकरण कार्य के संबंध में अनुशंसा प्रदान की गई।



बैठक में अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, संदीप शिवा, अपर आयुक्त वित्त पुनीत शुक्ला, उपायुक्त योगेन्द्र सिंह पटेल, संजेश गुप्ता, मनोज मौर्य, अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कुंभकार महासंघ की कार्यकारिणी की घोषणा

**उज्जैन।** अखिल भारतीय प्रजापति (कुंभकार) महासंघ जिला एवं युवा जिला उज्जैन द्वारा जिला प्रभारी गुलाब चंद्र प्रजापति के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष प्रकाश प्रजापति के मार्गदर्शन में युवा जिला अध्यक्ष कमल नंदवाना ने स्वामी विवेकानंद जी को अपना आदर्श मानते हुए जिले के युवा कार्यकारिणी की प्रथम लिस्ट की घोषणा की। शांति नगर स्थित नंदवाना पैलेस पर स्वामी विवेकानंदजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई। कार्यकारिणी में जिला संरक्षक के रूप में मनोज प्रजापत, सतीश प्रजापत, तरुण प्रजापत, महासचिव राहुल प्रजापति, युवा जिला उपाध्यक्ष शंकर प्रजापत, तरुण प्रजापत, दीपक कुंवाडिया, मुकेश प्रजापत, युवा जिला महामंत्री आशीष प्रजापत, दुर्गेश प्रजापत, राज देवलिया, युवा संगठन मंत्री मुकेश प्रजापत, उज्जवल प्रजापत, राहुल ऐडिय, हेमंत प्रजापत, भावेश प्रजापत, संजय प्रजापत, लखन प्रजापत, युवा जिला सचिव राहुल प्रजापत, रवि प्रजापत, दिनेश प्रजापत, पिंटू प्रजापत, अर्जुन प्रजापत, धीरज बिलोटिया, जितेंद्र प्रजापत, युवा जिला कोषाध्यक्ष सचिन प्रजापत, रोहित प्रजापत, युवा जिला विधि सलाहकार आशुतोष बिलोटिया, युवा जिला प्रचार मंत्री अनिल भादेरा, विकास प्रजापत, दौलत प्रजापत, राहुल प्रजापत, जिला प्रवक्ता अक्षय प्रजापत, प्रिंट मीडिया प्रभारी शोभीत प्रजापत, लव प्रजापत इले. मीडिया प्रभारी दर्पण प्रजापत, अजय प्रजापत आदि को महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किए गए और उज्जवल भविष्य की कामना की गई। सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को जिला उपाध्यक्ष राजेश बारानं, जिला सचिव ऋषि प्रजापत, जितेंद्र प्रजापत द्वारा आकर्षित दुपट्टा पहन कर अभिनंदन किया गया।

**कलेक्टर का निरीक्षण** — कलेक्टर सिंह ने कार्यालय का निरीक्षण किया, कार्यालय के स्टाफ से दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने की अपील की

## मेरे कहने पर नहीं बल्कि स्वयं की सुरक्षा और परिवार के लिए हेलमेट अवश्य पहनें

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह सिंहस्थ निर्माण कार्यों को लेकर जितने चिंतित हैं उतने ही वे अपने स्टाफ के साथ ही शहर की भी चिंता करते हैं। उन्होंने पूर्व में लोगों से हेलमेट पहनने की अपील की थी। लेकिन जब उन्हें यह पता चला कि स्वयं के कार्यालय में भी कुछ लोग हेलमेट नहीं पहन रहे हैं तो उन्होंने कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए उन्हें समझाइश दी।



मंगलवार को प्रशासनिक संकुल भवन स्थित कलेक्टर कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर सिंह ने कार्यालय की नाज़िर शाखा, नजुल शाखा एवं भवन में संचालित अन्य कार्यालयों में पहुंचकर वहां के अधिकारियों और कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर वार्तालाप किया। नाजिर शाखा में कार्यरत नेहा अग्रवाल और कलेक्टर कार्यालय खाद्य में कार्यरत भावना ने बताया कि वे दो पहिया वाहन से कार्यालय आती हैं। वाहन चलाते समय वे हमेशा हेलमेट पहनती हैं और यातायात नियमों का पालन करती हैं। कलेक्टर सिंह ने उक्त कर्मचारियो की प्रशंसा की और कहा कि वे अन्य सहकर्मियों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

कलेक्टर सिंह ने रेशम विभाग के कार्यालय में पहुंचकर वहां अधिकारी डॉ. पायल जोशी से पूछा कि उनके परिवार में कौन-कौन लोग हैं वे यहां कब से कार्यरत हैं। कलेक्टर कार्यालय अधीक्षक कक्ष में उपस्थित स्टाफ के बारे में भी कलेक्टर सिंह ने जानकारी प्राप्त की उन्होंने पूछा की कर्मचारियों के परिवार में कौन-कौन हैं। इसके अलावा कलेक्टर सिंह द्वारा शिकायत शाखा, जिला अन्त्यव्यवसाई कार्यालय, भू अभिलेख कार्यालय, लोकसेवा प्रबंधन कार्यालय, निर्वाचन कक्ष, राजस्व अभिलेखागार कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

उन्होंने कार्यालय में उपस्थित समस्त स्टॉफ से कहा कि उनके कहने पर नहीं बल्कि स्वयं की सुरक्षा और परिवार के लिए हेलमेट अवश्य पहनें तथा यातायात नियमों का पालन करें। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाएं। वाहन चलाते समय किसी का भी फोन हो रिसीव न करें। कलेक्टर सिंह ने कहा की भले ही उनका स्वयं का फोन ही क्यों न हो, वाहन चलाते समय मोबाईल पर बात न करें। पहले वाहन साईड में लगाए उसके पश्चात बात करें। यातायात नियमों का पालन करना अपनी नियमित दिनचर्या में सुनिश्चित करें।

### जनसुनवाई के लिए बड़ा हाल खाली करवाएं

इसके अतिरिक्त कलेक्टर सिंह ने निरीक्षण के दौरान कहा कि जनसुनवाई के लिए प्रशासनिक संकुल भवन में एक बड़ा हॉल खाली करवाया जाए। वर्तमान में जनसुनवाई के दौरान आमजन को सभाकक्ष में असुविधा होती है। कार्यालय में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर शाश्वत शर्मा एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप सिंह एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।